**मुख्य समाचार :–**

- जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामले में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।
- देहरादून में राज्य का पहला, सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र शुरू किया जाएगा।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली; यात्रा मार्ग और निर्जन पड़ावों पर सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा।

**गिरफ्तारी**

ऑपरेशन कालनेमि के तहत देहरादून में जबरन धर्मांतरण से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से आई टीम ने एक पुराने मामले की छानबीन की, जिसमें अब्दुल रहमान नामक व्यक्ति द्वारा वर्ष 2014–15 में धर्मांतरण कराया गया था। जांच में एक महिला पीड़िता सामने आई, जिसे धर्मांतरण के लिए मजबूर किया गया था और धर्मांतरण के बाद उसका नाम बदल दिया गया। महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा एक और महिला की पहचान हुई, जिसका धर्मांतरण कर नाम बदला गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनों मामलों के पीछे पाकिस्तान और दुबई से संचालित हो रहे एक गिरोह का हाथ है। इस गिरोह के सभी छह मुख्य आरोपियों को आगरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जांच अभी प्रारंभिक चरण में है और देहरादून पुलिस, आगरा पुलिस के साथ मिलकर इस मामले की संयुक्त जांच कर रही है।

**नशा मुक्ति केंद्र**

नशा मुक्त उत्तराखंड संकल्प को साकार करते हुए देहरादून में राज्य का पहला सरकारी नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र जल्द शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने इस केंद्र के संचालन के लिए सतावन लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह केंद्र देहरादून के रायवाला स्थित राजकीय वृद्धाश्रम के प्रथम तल पर संचालित किया जाएगा। ये नशा मुक्ति केंद्र 30 बिस्तरों वाला होगा, जिसके संचालन के लिए अनुभवी एनजीओ का चयन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है। केंद्र में पंजीकरण, ओपीडी, आइसोलेटेड रूम, स्टाफ रूम, स्टोर रूम और वेटिंग एरिया जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र के संचालन के लिये खनन न्यास निधि से धनराशि को मंजूरी दी गई है, जिसमें स्टाफ के मानदेय, भवन अनुरक्षण, दवाइयां, भोजन, स्टेशनरी, गद्दे, फर्नीचर, कम्प्यूटर और अन्य आवश्यक सामान की व्यवस्था शामिल है। समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि समिति के माध्यम से अनुभवी एनजीओ का चयन जल्द किया जाए ताकि केंद्र का संचालन शीघ्र शुरू किया जा सके।

**राहत और बचाव कार्य**

रुद्रप्रयाग जिले में कल अतिवृष्टि से उत्पन्न हालात के बीच युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य किए गए। सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन ने बताया कि केदारनाथ धाम की ओर से लगभग दो हजार नौ सौ यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया और किसी प्रकार की जनहानि या पशुहानि नहीं हुई। शुक्रवार रात 1 बजे से 4 बजे के बीच तहसील रुद्रप्रयाग के ग्राम चमेली, रूमसी, चमरारा तोक और विजयनगर क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नालों में मलबा और पानी आने से लगभग 8 से 10 भवनों, गौशालाओं, शौचालयों और

संपर्क मार्गों को नुकसान पहुंचा है। सूचना मिलते ही संबंधित विभागों की टीमें राहत कार्य में जुट गईं। बड़ी मशीनों की सहायता से मलबा हटाया गया और प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राहत शिविरों में भोजन, चिकित्सा और आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**ऑर्गन बैंक**

देहरादून के राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में उत्तराखंड का पहला ऑर्गन बैंक स्थापित किया जाएगा। चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। डॉक्टर रावत ने बैठक के दौरान मेडिकल कॉलेज में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने, प्रत्येक फैकल्टी को एक टीबी मरीज को गोद लेने, रक्तदान शिविर आयोजित करने, नवजातों के लिए मिल्क बैंक और छात्रों के लिए ई–ग्रंथालय व डिजिटल लॉकर की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कडी होगी। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए.आई.आर और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

**तैयारियां/समीक्षा बैठक**

अगले साल आयोजित होने वाली नंदा देवी राजजात यात्रा की तैयारियों को लेकर चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा मार्ग, विशेषकर होमकुंड, रूपकुंड जैसे निर्जन पड़ावों पर सुविधाओं को लेकर विशेष चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने बद्रीनाथ वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सर्वेश दुबे को निर्देशित किया कि निर्जन क्षेत्रों के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करें, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इन क्षेत्रों के लिए आवश्यक संसाधनों का आकलन कर संबंधित उपजिलाधिकारियों से समन्वय करते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले पड़ावों का स्थलीय निरीक्षण करें। इसके लिए उप राजस्व निरीक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, आरडब्ल्यूडी, जिला पंचायत के कनिष्ठ अभियंता और मंदिर समिति के सदस्यों की संयुक्त टीम बनाकर पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, शौचालय, कूड़ा प्रबंधन, पार्किंग, पैदल मार्ग आदि व्यवस्थाओं का आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया।

बैठक में यात्रा मार्ग की स्थिति, होम स्टे की उपलब्धता, मोबाइल नेटवर्क, सोलर लाइट, ट्रैफिक कंट्रोल, सीसीटीवी निगरानी और हेलीपैड से जुड़ी सड़कों की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

**सम्मान**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में माउंट एवरेस्ट अभियान 2025 में सफलतापूर्वक चढ़ाई करने वाले भारतीय सेना के जवानों और एनसीसी कैडेट्स को सम्मानित किया। उन्होंने प्रतिभागियों के साहस और दृढ़ निश्चय की सराहना करते हुए इसे उत्तराखंड और देश के लिए गर्व की बात बताया।

माउंट एवरेस्ट के दो अभियानों में शामिल प्रतिभागियों में पहले अभियान में भारतीय सेना के 22 पर्वतारोहियों में से 10 उत्तराखंड से थे, जबकि एनसीसी के दूसरे अभियान में शामिल 10 कैडेट्स में से तीन कैडेट्स ने एवरेस्ट की चोटी फतह कर तिरंगा फहराया।

राज्यपाल ने कहा कि यह अभियान सिर्फ ऊँचाई को छूने का प्रयास नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, रणनीतिक योजना और कठोर प्रशिक्षण का परिणाम है। उन्होंने सेना की हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की प्रशंसा की और कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने छोटी उम्र में बड़ा लक्ष्य हासिल कर प्रेरणा का नया उदाहरण प्रस्तुत किया है।

**‘सस्टेनेबल वेलनेस ऑफ स्टूडेंट्स’**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छात्रों के मनोविज्ञान और जीवन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में ‘‘सस्टेनेबल वेलनेस ऑफ स्टूडेंट्स : अ कलेक्टिव रिस्पॉन्सिबिलिटी इन हायर एजुकेशन’’ पुस्तक के विमोचन के अवसर पर श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षण संस्थानों को छात्रों के कल्याण के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

**<u>और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर</u>**

कारगिल विजय दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व सैनिकों के लिए की घोषणाएं सभी समाचार पत्रों की सुर्खियों में है। दैनिक जागरण समाचार पत्र का शीर्षक है चमोली और नैनीताल में बनेंगे सैनिक विश्राम गृह। अमर उजाला समाचार पत्र ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है उपनल से रोजगार के लिए पूर्व सैनिकों के साथ नागरिक भी जाएंगे विदेश।

राज्य सरकार की नौकरियों में अग्निवीरों को दस प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण दिया जाएगा, जिसके लिये कैबिनेट में जल्द प्रस्ताव लाया जाएगा। इस ख़बर को अमर उजाला समाचार पत्र ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है।

सात दवा स्टोर सील, तीन फॉर्मा इकाइयों पर रोक, हिंदुस्तान समाचार पत्र ने एक ख़बर का शीर्षक दिया है। समाचार पत्र के अनुसार पूरे राज्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार छापेमारी अभियान चला रही हैं।